# सीधी के विकास का रोडमैप तैयार किया जाएगा : दिलीप

## प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक

नवभारत न्यूज

**सीधी, 10 जुलाई. मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्ध कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई।**



बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि जिले के विकास के उद्देश्य से जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है जिसमें जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी एवं विशेषज्ञ व्यक्तियों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि समिति केवल सुझाव देने का मंच नहींए बल्कि जिले के दीर्घकालीन विकास की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। सभी सदस्यों के सुझावों के आधार पर सीधी के विकास का सशक्त रोडमैप तैयार किया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ताए समयबद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। प्रभारी मंत्री ने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। विभागीय समन्वय के साथ कार्य करते हुए विकास कार्यों में नवाचार और जनसहभागिता को ब?ावा दिया जाएए ताकि जिले के समग्र विकास को नई गति मिल सके। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंहए समाजसेवी देव कुमार सिंह चौहान सहित समिति के सदस्यों ने भी शिक्षाए स्वास्थ्यए कृषिए रोजगारए अधोसंरचनाए पर्यटन एवं अन्य विकास संबंधी विषयों पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक के अंत में कलेक्टर विकास मिश्रा ने समिति के सदस्यों को आश्वस्त किया कि बैठक में प्राप्त सभी सुझावों का गंभीरता से परीक्षण कर उन्हें कार्ययोजना में शामिल किया जाएगा। बैठक में वनमण्डलाधिकारी श्रीमती प्रीति अहिरवारए समिति के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### विकास के नए मानक स्थापित करने होंगे : रीती

बैठक में सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि विकसित भारत .2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सीधी जिले को भी विकास के नए मानक स्थापित करने होंगे। इसके लिए दीर्घकालीन सोच के साथ आज से ही ठोस तैयारी प्रारंभ करनी होगी। सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने कहा कि शासन की विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएए जिससे उनका वास्तविक लाभ आमजन तक पहुंचे।

### पंचायतों के विकास का रोडमैप तैयार हो : कुंवर

धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने सुझाव दिया कि विकसित सीधी के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत का विकास रोडमैप तैयार किया जाएए ताकि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित किया जा सके। पूर्व विधायक चुरहट शरदेन्दु तिवारी ने कहा कि जिले के संतुलित विकास के लिए माइक्रो एवं मैक्रो स्तर पर योजनाबद्ध कार्ययोजना तैयार कर उसके अनुरूप कार्य किए जाने की आवश्यकता है।

# आवासीय विद्यालय से लापता हुआ छात्र

## प्रकरण दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 जुलाई. जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय से एक छात्र रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया है। विद्यालय प्रबंधन की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, बालक को उसके परिजन चार दिन पहले ही एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, मैहर में छोड़कर गए थे। 9 जुलाई की रात करीब 10 बजे रोल कॉल के बाद सभी छात्र अपने-अपने कमरों में सोने चले गए। अगले दिन 10 जुलाई की सुबह करीब 7 बजे गिनती के दौरान छात्र अपने कमरे से गायब मिला। साथ में रहने वाले छात्रों ने बताया कि वह रात 10 बजे तक कमरे में मौजूद था। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर छात्र रात करीब 12 बजे हाथ में अपनी पेटी लेकर अकेले शौचालय की ओर जाता दिखाई दिया। इसके बाद उसका कोई सुराग नहीं मिला। विद्यालय परिसर, आसपास के क्षेत्र, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड सहित संभावित स्थानों पर तलाश की गई। परिजनों से भी संपर्क किया गया, लेकिन छात्र उनके पास भी नहीं पहुंचा।

### प्राचार्य ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

प्राचार्य गंगा सिंह की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस छात्र की तलाश में जुटी हुई है।

# बल्कर और बाइक की टक्कर, युवक की दर्दनाक मौत

## कोतवाली थाना के जोगीपुर टर्री में भीषण सड़क हादसा

नवभारत न्यूज

**सीधी, 10 जुलाई. राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक -39 में आज शाम करीब 6.30 बजे बल्कर और अपाची मोटर सायकल की टक्कर से एक युवक की घटना स्थल पर हो मृत्यु हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।**



घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली का पुलिस अमला मौके पर पहुंचा और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सीधी शहर के समीपी एनएच-39 स्थित जोगीपुर टर्री के पास शुक्रवार शाम करीब 6-30 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार अपाचे मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 53 एमजे 4256 और बल्कर वाहन क्रमांक एमपी 19 एचए 5501 की टक्कर में एक बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घायल युवक काफी देर तक सड़क पर तड़पता रहा। करीब 30 मिनट बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं लगभग 40 मिनट बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा ओवरटेक के दौरान हुआ। कुछ लोगों का आरोप था कि बल्कर गलत दिशा में था। यह भी बताया जा रहा है कि हादसे के बाद वाहन का चालक और खलासी मौके से फरार हो गए। हालांकि इन सभी तथ्यों की आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही होगी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक और घायल की पहचान तथा हादसे के कारणों की आधिकारिक जानकारी का इंतजार है। वही अपाची बाइक अमित कुमार सिंह चौहान पिता संतोष सिंह निवासी वार्ड क्रमांक -3 विशुनीटोला हड़बड़ो के नाम से दर्ज है।

# युवती की सड़क हादसे में मौत

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 जुलाई। निवास कस्बा में आज शाम के वक्त एक युवती मेडिकल दुकान से दवाई लेकर पैदल घर जा रही थी कि बाइक सवार प्रौढ़ व्यक्ति ने टक्कर मार दिया, जहां युवती की सड़क हादसे में मौत हो गई।**

बाइक सवार प्रौढ़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निवास में चल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार निवास पुलिस चौकी क्षेत्र के अमहा टोला निवासी 25 वर्ष युवती अंकिता यादव पति अरूण यादव शाम के वक्त मेडिकल दुकान से दवाई लेकर पैदल जा रही थी बेकाबू मोटरसाइकिल चालक ने टक्कर मार दिया, जिससे अंकिता की मौत हो गई। वहीं शिवकुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये, जिनका प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय के लिए चिकित्सको ने रिफर कर दिया है। पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

# ट्रैक्टर कल्टीवेटर की चपेट में आने से किशोर की मौत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 जुलाई, रीवा जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भीटी में एक बेहद हृदयविदारक घटना घटित हुई है.**

खेत की जुताई कर रहे एक ट्रैक्टर के कल्टीवेटर में फंसने के कारण एक 11 वर्षीय बालक की दर्दनाक मृत्यु हो गई है. मृतक बालक अपने मामा के घर आया हुआ था. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाकारित ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पांती निवासी राज यादव पिता राजकुमार यादव उम्र 11 वर्ष भीटी गांव में अपने मामा के घर आया हुआ था. आज रात लगभग 8:30 बजे जब खेत में ट्रैक्टर से जुताई का कार्य चल रहा था तब बालक ट्रैक्टर के पीछे लगे कल्टीवेटर पर बैठा हुआ था. इसी दौरान असंतुलित होकर वह कल्टीवेटर के तीखे फालों के बीच फंस गया. घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद स्थानीय लोगों और परिजनों द्वारा लहूलुहान व घायल अवस्था में बालक को तत्काल संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय रीवा ले जाया गया. अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत बालक को मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही गुढ़ थाना पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा. पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया है. पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखवा दिया है.

# परसौना गांव में डीजल से भरा टैंकर पलटा, साढ़े 5 घंटे सड़क रही जाम

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 जुलाई। कोतवाली बैढ़न क्षेत्र के परसौना गांव में शुक्रवार की सुबह करीब 6:30 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया।**



देवसर विधायक कार्यालय के सामने बैढ़न-बरगवां मार्ग पर डीजल से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद टैंकर से डीजल का रिसाव शुरू हो गया, जिससे मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब साढ़े 5 घंटे बाद आवागमन बहाल हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही खुटार चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र को सुरक्षित करने का प्रयास शुरू किया। बताया जा रहा है कि टैंकर डीजल लेकर बरगवां की ओर से ओबी कंपनी कंडोई सिंगरौली में परिवहन करने जा रहा था कि शुक्रवार की अल सुबह करीब 5:30 बजे अनियंत्रित होकर पलट गया। वहीं इस बीच टैंकर से बह रहे डीजल को लेने के लिए आसपास के गांवों से सैकड़ों लोग डिब्बे, बाल्टी और अन्य बर्तन लेकर मौके पर पहुंच गए।

पुलिस द्वारा बार-बार समझाइश देने और रोकने के बावजूद लोग डीजल एकत्र करने पर आमादा रहे, जिससे स्थिति कुछ समय के लिए अव्यवस्थित बनी रही। प्राथमिक जानकारी के अनुसार हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन टैंकर में भरे डीजल के बह जाने से लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। पुलिस ने यातायात सामान्य कराने और मामले की जांच शुरू कर दी है।






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99